दिनांकः 18.05.2025
समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का दौर–श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्जं
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य में पर्यटन और फिल्म नीति जल्द जारी करने के निर्देश दियें
- गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को देश की सुरक्षा नीति में महत्वपूर्ण मोड बतायां
- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर आज स्मारकों और संग्रहालयों में निशुल्क प्रवेशं

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी का दौर जारी हैं कई स्थानो पर हीट वेव से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा हैं कल श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस मापा गयां पिलानी, फालौदी और चूरू मे भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआं अलवर, जयपुर, कोटा, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, दौसा, झुन्झुनू सहित कई अन्य शहरों में दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहां जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया लू की स्थिति से लोग दिनभर बेहाल रहें

......................

बांरा में दिनभर गर्म हवा के थपेड़े चलते रहें इस बीच ज़िले के छीपाबडौद क्षेत्र में तेज बारिश हुई और ओले भी गिरें मौसम विभाग ने बीकानेर और गंगानगर ज़िलों में अगले दो–तीन दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सिसय पार होने की संभावना जतायी हैं इसके अलावा प्रदेश के ज्यादातर हिस्सो में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच रहने के आसार हैं कल राज्य के उत्तरी भागों में कही–कही दोपहर बाद आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती हैं

मौसम विभाग ने बताया कि मॉनसून दक्षिण बंगाल की खडी अन्डमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है अगले तीन–चार दिनों में इसके आगे बढने की अनुकूल परिस्थितियां हैं मॉनसून सामान्य से चार दिन पहले 27 मई को केरल पहुंचेगां

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 22 मई की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल बीकानेर के पलाना में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया उन्होंने प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण करते हुए दिशा–निर्देश दियें मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न तैयारियों की कि समीक्षा कीं इसके साथ ही गर्मी के मौसम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिएं

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने यात्री सुविधाओं को देखते हुए रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी हैं बीकानेर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी देश के 103 स्थान पर रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगें

मुख्यमंत्री ने करणी माता मंदिर में दर्शन किएं उन्होंने पूजा–अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना कीं इस दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहें

......................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य में पर्यटन और फिल्म नीति जल्द जारी करने के निर्देश दिये हैं उन्होंने अधिकारियों से साहसिक पर्यटन योजना पर भी काम करने की बात कीं उपमुख्यमंत्री कल जयपुर में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रही थीं उन्होंने विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने कें भी निर्देश दियें इसके साथ ही पुष्कर सरोवर की डीपीआर में घाट के सौंदर्यकरण कामों को भी प्राथमिकता से करने को कहां उपमुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स की प्रगति की भी जानकारी लीं

......................

जेईई एडवांस 2025 परीक्षा आज आयोजित की जा रही हैं आईआईटी कानपुर की ओर से होने वाली ये परीक्षा देशभर में 200 से अधिक शहरों में हो रही हैं इसे दो पारियों में आयोजित किया जा रहा हैं इधर प्रदेश में **संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2024** आज आयोजित की जा रही हैं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से होने वाली ये परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगीं जयपुर में परीक्षा के लिए 35 केन्द्र बनाए गए हैं

......................

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ हैं गुजरात के गांधीनगर में, कल जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों ने आजादी के बाद पहली बार, पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकी ढांचे ध्वस्त किये और इसकी धमक मुजफ्फराबाद, कोटली, बहावलपुर और मुरीदके में साफ तौर पर महसूस की गईं उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर के नौ प्रशिक्षण शिविरों सहित, जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तय्यबा के प्रमुख आतंकी संगठनों को नष्ट किया गया और दुनिया ने पाकिस्तान को डर से कांपते हुए देखां गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने 100 से अधिक आतंकियों को ढेर किया हैं

......................

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न प्रदेश में भी जारी हैं विभिन्न स्थानों पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं इनमें उत्साह के साथ लोग हिस्सा ले रहे हैं इसी कडी में पाली, जालौर और जैसलमेर में आज तिरंगा यात्राएं निकाली जायेंगीं उधर अजमेर में आज तिरंगा वाहन रैली रखी गयी हैं वही जोधपुर के लूणी क्षेत्र के कल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गयां गुड़ा विश्नोईया गांव में निकाली गई इस यात्रा में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने भी हिस्सा लियां इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि यह यात्रा सैनिकों के प्रति सम्मान और गर्व का प्रतीक हैं उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मण्डल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कीं

......................

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हैं इस अवसर पर देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाले सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क रहेगां ये संग्रहालय और स्मारक देश की धरोहर को संजोए हुए हैं

इस दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने रखने के लिए किया जाता हैं साथ ही शिक्षा और संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करना भी इस दिन का उद्देश्य हैं प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं जोधपुर के राजकीय संग्रालय में

छाया चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी हैं हमारे संवाददाता ने बताय कि मोकलावास गांव में क्यूरेटेड वाक भी रखी गयी हैं

......................

सेना कल्याण रोजगार संगठन राजस्थान के निदेशक कर्नल राजेश भूकर ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर सशस्त्र बलों को शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए सैना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया हैं

......................

सवाई माधोपुर जिले में एक हादसे में मां–बेटी समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई यह घटना खंडार क्षेत्र में कल गोठ बिहारी गांव में हुई हादसा एक पुराने सैफ्टी टेंक की पटिटया गिरने से हुआं जिसके मलबे में दबकर इन्होंने मौके पर ही दम तोड दियां

......................